अमर उजाला

होडल के बेढ़ा पट्टी में पकड़ी नकली शराब बनाने वाली फैक्टरी

नोएडा ब्यूरो Updated Mon, 28 May 2018 10:55 PM IST

ब्रांडेड कंपनियों की बोतलों में बेचते थे नकली शराब, भंडाफोड़

गांव बेढ़ा पट्टी का मामला, फैक्ट्री का सारा सामान बरामद

पुलिस के आने की सूचना मिलने पर सभी भाग खड़े हुए, एक गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

होडल।

पुलिस टीम ने सोमवार को गांव बेढ़ा पट्टी में छापा मारकर नकली शराब बनाने वाली एक फैैक्टरी पकड़ी। नकली शराब बनाने वाली इस फैक्टरी को पुलिस की अपराध जांच शाखा पलवल टीम व होडल थाना पुलिस टीम ने पकड़ा। इस टीम का नेतृत्व अपराध जांच शाखा प्रभारी विश्व गौरव व होडल थाना प्रभारी कर्मवीर खटाना कर रहे थे। फैक्टरी में पुलिस टीम ने भारी मात्रा में नकली शराब बनाने का सामान, स्प्रिट, सीलिंग मशीन, स्प्रिट से भरे ड्रम तथा नामी ब्रांडेड कंपनियों के पव्वे, अध्धे, बोतलें भी बरामद की हैं।

अपराध जांच शाखा प्रभारी विश्व गौरव को मुखबिर से सूचना मिली कि गांव बेढ़ा पट्टी में अमर पाल पुत्र मोहरराम के घर पर नकली शराब बनाने की फैक्टरी चल रही है। सूचना मिलते ही विश्व गौरव ने जानकारी जिला पुलिस कप्तान वसीम अकरम को दी तथा उनके निर्देश पर होडल थाना प्रभारी कर्मवीर खटाना को साथ लेकर बेढ़ा पट्टी में छापा मार दिया। वहां पहुंचते ही पुलिस टीम ने फैक्टरी को चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस को देख फैक्टरी में मौजूद लोग भाग गए। पुलिस ने मौके से आरोपियों को स्प्रिट सप्लाई करने वाले एक आरोपी महरौल कोसी निवासी जितेंद्र पुत्र अमरपाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने फैक्टरी पर छापा मारने के तुरंत बाद आबकारी विभाग के निरीक्षक चांदीराम को भी टीम सहित मौके पर बुला लिया।

जिला पुलिस कप्तान वसीम अकरम ने बताया कि विश्व गौरव व कर्मवीर की टीम में शामिल सहायक उपनिरीक्षक साहिद व रणवीर द्वारा पकड़ी गई इन नकली शराब बनाने वाली फैक्टरी में से रॉयल स्टैग का डुप्लीकेट होलमार्क लगी 30 पेटी अध्धा, 14 पेटी पव्वे नगीना मार्क ब्रांड, एक केन स्प्रिट, 220 लीटर के स्प्रिट से भरे दो ड्रम, बोतलों को सील करने वाली सीलिंग मशीन, खाली 195 रॉयल स्टैग ब्रांड के अध्धे, 750 पव्वे, 2122 इंपीरियल ब्लू के पव्वे, 1275 मैक डबल, 152 रॉयल स्टैग, 1375 नगीना ब्रांड की बोतलों से भरे कार्टून बरामद किए। इनके अलावा भट्टी, जिस पर नकली शराब तैयार की जा रही थी। गैस सिलेंडर व अन्य शराब बनाने का सामान भी बरामद किया है।

पुलिस कप्तान वसीम अकरम का कहना है कि इस बारे में काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी। ये लोग नकली शराब तैयार कर उन्हें ब्रांडेड कंपनियों की बोतलों में भरकर गांवों व शहरों में घर-घर सप्लाई करते थे। इस बात की जानकारी मिलने के बाद से ही अपराध जांच शाखा प्रभारी विश्व गौरव जांच में जुटे थे। सोमवार को सूचना मिलते ही उनकी व होडल थाना प्रभारी की टीम ने मौके पर जाकर इस फैक्टरी को पकड़ लिया। आबकारी विभाग की टीम को बुलाकर फैक्टरी व बरामद सामान को सील करवा दिया गया है। फैक्टरी चलाने वाले आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

Source: https://www.amarujala.com/crime/81527528359-palwal-news